मंत्रोच्चार, हवन और ओरिएन्टेशन से आरम्भ हुआ नया शैक्षणिक सत्र

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ. में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ प्रातः हवन व मंत्र उच्चारण के साथ हुआ। हवन में अग्रवाल प्रबन्ध समिति के प्रधान श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता के साथ प्रबन्ध समिति के श्री मंगत राम सिंगला जी व श्री पवन गुप्ता जी तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और गैर शिक्षण कर्मचारी मौजूद थे। तत्पश्चात् इस सत्र में दाखिला लेने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दो दिन तक चलेगा ताकि नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के बारे में समूची जानकारी मिल सके। ओरिएन्टेशन कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य ने पतंग व डोर के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने की उपयोगिता बताई। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि महाविद्यालय के नियमों को मानने के साथ–साथ उन्हें अपने घर में अपने माता–पिता का सम्मान व आदर वही करना चाहिए और समाज में भी अपनी श्रेष्ठ पहचान बनानी है। महाविद्यालय को अपना घर समझ कर रहें तो नियम बोझिल नहीं लगेंगे।

यह कार्यक्रम ओरिएन्टेशन लीडर कमल टंडन के दिशा निर्देशन में करवाया गया। किरण आनन्द ने महाविद्यालय में उपलब्ध मेंटर की सुविधा के बारे में अवगत करवाया। चालीस विद्यार्थियों के लिए एक मेंटर होता है जो विद्यार्थी के साथ गुरू–शिष्य परम्परा की तरह रहता है तकि विद्यार्थियों की निजी, व्यावहारिक व शैक्षिक समस्याओं को बेहतर तरीके से सुलझाया जाए। Ted Talk के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन को बेहतर बनाने के सिद्धान्तों से परिचित करवाया गया। डॉ. नरेश कॉमरा ने शिक्षा सेतु एप, विद्यार्थी वेलफेयर स्कीम, विभिन्न छात्रवृत्तियों एवं महाविद्यालय तथा DHE Portal और डिजीटल लर्निंग कि जानकारी दी। डॉ. मनोज शुक्ला ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों से परिचित करवाया। महाविद्यालय प्रांगण में मोबाइल का अनावश्यक प्रयोग निषिद्ध है। डॉ. के.एल. कौशिक ने महाविद्यालय में खेलों की गतिविधियों की जानकरी दी। पुस्तकाल्याध्यक्ष डॉ. राम चन्द्र ने महाविद्यालय के पुस्तकालय की सुविधाओं की जानकरी दी। अन्य पाठ्येतर गतिविधियों के बारे में नए विद्यार्थियों को ओरिएन्टेशन के दूसरे दिन बताया जाएगा। विद्यार्थियों को फ्रूटी वितरण के साथ प्रथम दिन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।